राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद्

प्रशिक्षण प्रकोष्ठ, प्रथम तल, ब्लॉक–6, शिक्षा संकुल परिसर,
जवाहरलाल नेहरू मार्ग, जयपुर – 17

फोन:– 0141–2708739 E-mail: rajsmsa.training@gmail.com

क्रमांक : रास्कूलशिप/जय/प्रशिक्षण/ /2018–19/ 11566 दिनांक : 1/2/19

मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी एवं
पदेन जिला परियोजना समन्वयक,
समग्र शिक्षा अभियान,

अति0 जिला परियोजना समन्वयक,
समग्र शिक्षा अभियान,

अजमेर, भीलवाडा, चित्तौड़गढ़, डूंगरपुर, जोधपुर, राजसमन्द, उदयपुर, बाडमेर, जयपुर, जैसलमेर, जालोर, बांसवाडा, बून्दी, टोंक, हनुमानगढ़, नागौर, बीकानेर, गंगानगर, भरतपुर, सवाई माधोपुर, पाली।

विषय – शीतकालीन प्रशिक्षण में न्यून उपलब्धि प्राप्त करने के सम्बन्ध में स्पष्टीकरण चाहने बाबत।

उपर्युक्त विषयान्तर्गत लेख है कि मानव संसाधन विकास मंत्रालय, भारत सरकार एवं राज्य सरकार के निर्देशानुसार शिक्षकों को प्रशिक्षण से लाभान्वित किया जाना है। इस हेतु सत्र 2018–19 में स्वीकृति लक्ष्यों को प्राप्त करने हेतु परिषद से आवश्यक दिशा निर्देश जारी करते हुए **आपको समय–समय पर दूरभाष, WhatsApp के माध्यम से आवश्यक निर्देश प्रदान किये जाते रहे है तथापि शीतकालीन अवकाश में आयोजित प्रशिक्षण में आपके जिले द्वारा लक्ष्य के विरूद्ध न्यून उपलब्धि प्राप्त की है –**

		Class 6 to 8			Leadership			Induction		
Sn	Distt	Target	Achievement	%	Target	Achievement	%	Target	Achievement	%
1	AJMER	820	404	49.27	184	87	47.28			
2	BHILWARA	1147	414	36.09	283	96	33.92			
3	CHITTAURGARH	814	283	34.77	139	42	30.22			
4	DUNGARPUR	794	245	30.86	229	68	29.69			
5	JODHPUR	1136	317	27.90	310	128	41.29			
6	RAJSAMAND	839	382	45.53	86	35	40.70			
7	UDAIPUR	949	288	30.35	428	212	49.53			
8	BARMER	1478	514	34.78						
9	JAIPUR	1772	813	45.88						
10	JAISALMER	251	47	18.73						
11	JALOR	707	243	34.37						
12	BANSWARA				289	95	32.87			
13	BUNDI				53	26	49.06			
14	TONK				76	35	46.05			
15	HANUMANGARH				74	33	44.59			
16	NAGAUR				269	111	41.26			
17	BIKANER				145	46	31.72			
18	SHRI GANGANAGAR				141	43	30.50			
19	BHARATPUR				158	43	27.22			
20	SAWAI MADHOPUR				18	4	22.22			
21	Pali							733	223	30.42

उक्त सूचना का आधार आपके द्वारा मय हस्ताक्षर परिषद कार्यालय को उपलब्ध करवाई गई सूचना को राज्य स्तर पर संकलित कर आपको पुनः परीक्षण हेतु जारी करने के पश्चात निर्धारण करना रहा है। उक्त सारणी से स्पष्ट है कि **आपके जिले द्वारा 50 प्रतिशत से भी न्यून उपलब्धि प्राप्त की है।** इससे स्पष्ट है कि आपके तथा आपके सहयोगी अधिकारियों द्वारा प्रशिक्षण के लक्ष्य को अधिकाधिक संख्या में प्राप्त करने हेतु पर्याप्त प्रयास नहीं किये गये है। चूंकि परिषद को उपलब्ध करवाई गई सूचना से आप स्वयं भी अवगत है तो **ऐसी स्थिति में आपके द्वारा आदिनांक सम्बन्धित अधिकारियों/कार्मिकों के विरूद्ध क्या कार्यवाही की गई, से परिषद को अवगत करावें।**

www.rajteachers.com

आपको निर्देशित किया जाता है कि **दिनांक ....05.. फरवरी, 2019 तक परिषद कार्यालय को अवगत करावें कि क्या सक्षम कारण रहे जिससे शीतकालीन प्रशिक्षण में आपके जिले की उपलब्धि अपेक्षा से कम रही है।** विदित रहे आपके द्वारा प्रस्तुत तथ्य वास्तविकता से पृथक होने व भ्रामक प्रतीत होने अथवा जवाब अप्राप्ति की स्थिति में आपके विरूद्ध नियमानुसार अनुशासनात्मक कार्यवाही अमल में लायी जायेगी, जिसके लिये आप स्वयं उत्तरदायी रहेंगे।

(प्रदीप कुमार बोरड)
आयुक्त
स्कूल शिक्षा एवं राज0 स्कूल शिक्षा परिषद,
जयपुर

क्रमांकः रास्कूलशिप/जय/गुणवत्ता/2018–19/ 11567 दिनांकः 1/2/19

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित –

1. निजी सचिव, प्रमुख शासन सचिव, स्कूल शिक्षा, राज0 सरकार, जयपुर।
2. निजी सचिव, आयुक्त, राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद, जयपुर।
3. निजी सहायक, राज्य परियोजना निदेशक, राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद, जयपुर।
4. निदेशक, निदेशालय माध्यमिक शिक्षा राज0, बीकानेर।
5. निदेशक, निदेशालय प्रारम्भिक शिक्षा राज0, बीकानेर।
6. निजी सहायक, अतिरिक्त राज्य परियोजना निदेशक, राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद, जयपुर।
7. कार्यालय प्रति।

www.rajteachers.com

आयुक्त
स्कूल शिक्षा एवं राज0 स्कूल शिक्षा परिषद,
जयपुर